कार्यालय कमाण्डेन्ट चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर

टेलिफोन नं.–0141–2980850 / 51 ई–मेल–fourthrac@gmail.com

क्रमांकः– न–5(4) आरएसी–4 / फोर्स / 2021 / 2651 दिनांकः–26.4.23

–: प्रेस नोट :–

पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक 2300 दिनांक 29.10.2021 एवं संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 2305 दिनांक 29.10.2021 के तहत कानिस्टेबल भर्ती–2021 में चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर में कानिस्टेबल (सामान्य) के वर्गवार 27 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की दिनांक 29.10.2022 को बियानी कॉलेज ऑफ सांइस एण्ड मैनेजमेन्ट भैतरिया भैरू मंदिर के पीछे, जोबनेर रोड़, कालवाड़, जयपुर में आयोजित शारीरिक दक्षता एवं शारीरिक मापतौल (PET/PST) परीक्षा के पश्चात् इस कार्यालय के प्रेस नोट क्रमांक 9617 दिनांक 03.11.2022 के द्वारा चयन सूची पर लिये गये अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया गया था।

पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों में से 04 अभ्यर्थियों का अन्यत्र चयन हो जाने के कारण उनके द्वारा नियुक्ति नही चाहने बाबत् प्रार्थना पत्र / शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर गठित रिव्यू बोर्ड द्वारा उक्त 04 अभ्यर्थियों को चयन सूची से पृथक कर उनके स्थान पर संयुक्त वरियता सूची में से वर्गवार निम्नलिखित 04 अभ्यर्थियों को भर्ती प्रकिया के अग्रिम चरण (दस्तावेज / चरित्र सत्यापन / स्वास्थ्य परीक्षण) हेतु चयन सूची पर लिया गया हैः–

चयन सूची– कानि0 सामान्य डयूटी, चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर

क्र. सं.	रोल नं0	नाम अभ्यर्थी	पिता का नाम	मूल वर्ग	चयन वर्ग	चयन सूची क्रमांक
1.	721279165	DEVENDRA SINGH	RAJENDRA PRASAD	MBC NON-CREAMY	GEN-08	09
2.	721122125	SHEMBHU SINGH	GIRDHAR SINGH	GENERAL	GEN-09	10
3.	721122225	SATVEER SINGH GURJAR	RAJARAM GURJAR	MBC NON-CREAMY	GEN-10	11
4.	721124053	RAJKUMAR	DHARM SINGH	S.C	SC-04	19

चयन सूची पर लिये गये अभ्यर्थियों की सूची इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर (चस्पा) एवं राजस्थान पुलिस की वैबसाईट http://www.police.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम प्रकाशन मे पूर्ण सावधानी बरती गई है, फिर भी इस कार्यालय की सूचना को ही अधिकृत माना जावें।

अतः उपरोक्त सूची में अंकित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति हेतु अग्रिम प्रक्रिया (दस्तावेजात सत्यापन, चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण) हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेजात (यथा– शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, अन्तिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, दो फोटो पहचान पत्र, दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र जो छः माह से पुराना न हो एवं रिश्तेदार द्वारा जारी किया हुआ नही हों, दहेज नही लेने सम्बन्धी घोषणा पत्र, दिनांक 01.06.2002 के पश्चात दो से अधिक जीवित सन्तान नही होने सम्बन्धी घोषणा पत्र, एक से अधिक जीवित पत्नि / पति नही होने के सम्बन्ध में शपथ पत्र, आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित या सजायाफ्ता

नही होने के सम्बन्ध में घोषणा पत्र, हाल ही खीचें गये पासपोर्ट साईज की 10 रंगीन फोटो, विशेष योग्यता प्रमाण पत्र इत्यादि) मय छाया प्रति एवं विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या 11 में वर्णित समस्त दस्तावेज स्वयं द्वारा प्रमाणित दो–दो प्रतियों के साथ लेकर **दिनांक 03.05.2023** को चतुर्थ बटालियन आरएसी, रामगढ़ रोड़, चैनपुरा, जयपुर में प्रातः 09.30 बजे तक उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित नही होने पर यह मानते हुए कि आप उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक नही है, चयन सूची से आपका नाम पृथक कर दिया जावेगा।

इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता एवं अन्य किसी प्रकार का मानदेय देय नही होगा।

(राजेन्द्र कुमार)IPS
कमाण्डेन्ट
चतुर्थ बटा0 आरएसी, जयपुर

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ सादर प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन्स / भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राज0 जयपुर।
2. श्रीमान् पुलिस आयुक्त, जयपुर / जोधपुर।
3. श्रीमान् महानिरीक्षक पुलिस, आरएसी, राजस्थान, जयपुर (अध्यक्ष, चयन बोर्ड)
4. समस्त पुलिस अधीक्षकगण, राजस्थान मय जीआरपी जोधपुर / अजमेर।
5. समस्त कमाण्डेन्ट, आरएसी / एमबीसी मय प्रशिक्षण संस्थान।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, पुलिस मुख्यालय, जयपुर को 08 प्रतियों में भेजकर लेख है कि उक्त सूचना समस्त स्थानीय / प्रादेशिक दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब निःशुल्क प्रकाशित करवाकर इस कार्यालय को सूचित कराने का श्रम करावें।
2. डिप्टी कमाण्डेन्ट, चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर।
3. क्वार्टर मास्टर / सहायक कमाण्डेन्ट–प्रथम / द्वितीय, चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर।
4. सुबेदार एड्ज्यूटेन्ट, चतुर्थ बटालियन आरएसी, जयपुर को दो प्रतियों में प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस नोट की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाना सुनिश्चित करें।

कमाण्डेन्ट
चतुर्थ बटा0 आरएसी, जयपुर